**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2078**
**दिनांक 29 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**एम्स संस्थानों में संकायों और बिस्तरों की कमी**

**2078. श्री रवनीत सिंह:**
**श्रीमती नुसरत जहां:**
**श्री विजयकुमार ऊर्फ विजय वसंत:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क): क्या सरकार ने विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में रिक्तियों के कारण रोगियों को समय पर और उच्च गुणवत्ता वाले उपचार प्रदान करने में एम्स के समक्ष आने वाली समस्याओं का आकलन करने के लिए अध्ययन किया है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में उठाए गए आवश्यक कदमों का ब्यौरा क्या है;
(ख): एम्स-दिल्ली सहित देश में चल रहे विभिन्न एम्स में कार्यरत संकाय के साथ-साथ गैर-संकाय कर्मचारियों के स्वीकृत पदों की तुलना में रिक्त पदों की संख्या का एम्स-वार और पद-वार का ब्यौरा क्या है;
(ग): प्रत्येक एम्स में आज की तिथि तक कार्यरत वरिष्ठ और कनिष्ठ चिकित्सकों की एम्स-वार संख्या कितनी है; और
(घ): क्या सरकार का विचार रिक्त पदों को भरकर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए एम्स के सभी स्नातकोत्तर छात्रों को संस्थानों में ही अनिवार्य रोजगार प्रदान करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ.): क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में विभिन्न एम्स संस्थानों में बिस्तरों की कमी है और यदि हां, तो एम्स–वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क): एम्स में अतिरिक्त सेवाओं और जोड़ी गई सुविधाओं की रेंज को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता के आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती की जाती है। विभिन्न एम्स में रिक्त पदों की स्थिति की सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर निगरानी की जाती है और आवश्यकता के आधार पर रिक्तियों का विज्ञापन दिया जाता है। तथापि, इन संस्थानों के राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए चयन के लिए उच्च मानक रखे जाने होते हैं, अत: सभी विज्ञापित पदों को नहीं भरा जा सका है।

इसके अलावा, इस मंत्रालय और केंद्रीय संस्थान निकाय (सीआईबी) ने नए एम्स में संकाय संख्या बढ़ाने के लिए निम्नलिखित सुविधाओं का प्रावधान किया है।

i. रिक्तियों को तात्कालिक रूप से भरने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक नए एम्स में स्थायी चयन समिति (एसएससी) का गठन।
ii. प्रोफेसर और एडिशनल प्रोफेसर के पदों पर सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष से बढ़ाकर 58 वर्ष कर दी गई है।
iii. सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर सेवारत संकाय को लेकर नए एम्स में रिक्त संकाय पदों को भरने की अनुमति दी गई है।
iv. 70 वर्ष तक की आयु के सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों के सेवानिवृत्त संकाय को भी संविदात्मक रूप से नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। संविदा के आधार पर संकाय की नियुक्ति के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू की भी अनुमति दी गई है।
v. विदेशी भारतीय नागरिक [ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई)] कार्ड धारकों को संकाय पदों पर नियुक्त करने की अनुमति दी गई है।
vi. नए एम्स में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संकाय को शिक्षण और अकादमिक उद्देश्यों के लिए काम करने की अनुमति देने के लिए नए एम्स में विजिटिंग फैकल्टी स्कीम तैयार की गई है।
vii. एम्स द्वारा अपने संबंधित संस्थान निकाय के अनुमोदन से एक निश्चित अवधि के लिए एडिशिनल/एसोसिएट प्रोफेसर के पदों को सहायक प्रोफेसर के स्तर तक डाउनग्रेड करने की अनुमति दी गई है।
viii. संकाय के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग में ऋण के आधार पर अस्थायी विपथन (डायवर्जन) की अनुमति दी गई है, जिसे संविदात्मक नियुक्ति पर भरा जा सकता है।
ix. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी नियमों/दिशानिर्देशों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए छूट दी गई है।
x. संकाय की भर्ती में तेजी लाने के लिए एक वर्ष की वैधता वाले विज्ञापन चलाने की अनुमति दी गई है, जिसके बाद संकाय की संख्या के आधार पर नए सिरे से चलने या औपचारिक विज्ञापन फिर से जारी किए जा सकते हैं।
xi. संबंधित स्थायी चयन समिति की सिफारिशों पर विचार करने और अनुमोदित करने के लिए नए एम्स के शासी निकाय की एक उप-समिति का गठन।
xii. नर्सिंग संवर्गों के लिए केन्द्रीकृत भर्ती शुरू की गई है।

(ख) और (ग): एम्स दिल्ली में संकायों के स्वीकृत पदों की संख्या 1131 है। इस समय 720 संकाय पद नियमित आधार पर भरे हुए हैं और 411 नियमित पद रिक्त हैं। गैर संकाय पदों के मामले में 12558 स्वीकृत पदों में से 10439 पद भरे हुए है और 2119 पर रिक्त हैं।इसके अलावा सीनियर रेजिडेंटों और जूनियर रेजिडेंटों के स्वीकृत 1926 और 1428 पदों में से क्रमश: 653 और 295 पद रिक्त हैं। नए एम्स में संकायों और गैर संकायों

के स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त पदों का संस्थानवार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में है। नए एम्स में सीनियर रजिडेंटों और जूनियर रेजिडेंटों के स्वीकृत, भरे गए और रिक्त पदों का संस्थावार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में है।

(घ): स्टाफ संख्या बढ़ाने के लिए एम्स के सभी स्नातकोत्तर छात्रों को संस्थान में ही अनिवार्य रोजगार प्रदान करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ड.): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के प्रथम चरण में 6 अनुमोदित एम्स, जो पूरी तरह से कार्यशील हैं, में परिकल्पित 5760 बिस्तरों में से वर्तमान में 5705 बिस्तर, अर्थात प्रत्येक एम्स में 960 बिस्तर हैं। इन छह एम्स में और अन्य एम्स में जहां पर सीमित आईपीडी सेवाएं शुरू की गई हैं, कार्यशील बिस्तरों की संख्या के बारे में ब्यौरा **अनुलग्नक-III** में है।

**अनुलग्नक -I**

## नए एम्स में संकाय/गैर संकाय पदों का ब्यौरा

| क्र.सं. | एम्स | संकाय पद | | | गैर-संकाय पद | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | भरे गए | रिक्त | स्वीकृत | भरे गए | रिक्त |
| 1. | भोपाल | 305 | 203 | 102 | 3876 | 2356 | 1520 |
| 2. | भुवनेश्वर | 305 | 228 | 77 | 3876 | 1919* | 1957 |
| 3 | जोधपुर | 305 | 229 | 76 | 3876 | 3091# | 785 |
| 4. | पटना | 305 | 132 | 173 | 3876 | 1601 | 2275 |
| 5. | रायपुर | 305 | 153 | 152 | 3876 | 2713 | 1163 |
| 6. | ऋषिकेश | 305 | 203 | 102 | 3876 | 2024 | 1852 |
| 7. | मंगलगिरी | 183 | 64 | 119 | 1054 | 715 | 339 |
| 8. | नागपुर | 183 | 115 | 68 | 1054 | 492 | 562 |
| 9. | कल्याणी | 183 | 91 | 92 | 1012 | 403 | 609 |
| 10. | गोरखपुर | 183 | 71 | 112 | 1038 | 431 | 607 |
| 11. | बठिंडा | 183 | 109 | 74 | 1038 | 527 | 511 |
| 12. | बिलासपुर | 183 | 86 | 97 | 1018 | 120 | 898 |
| 13. | गुवाहाटी | 183 | 54 | 129 | 1018 | 8 | 1010 |
| 14. | देवघर | 183 | 85 | 98 | 1018 | 221 | 797 |
| 15. | बीबीनगर | 183 | 89 | 94 | 971 | 266 | 705 |
| 16. | मदुरै | 183 | 8 | 175 | 32 | - | 32 |
| 17. | राजकोट | 183 | 42 | 141 | 951 | 23 | 928 |
| 18. | विजयपुर | 183 | 31 | 152 | 951 | 26 | 925 |
| 19. | रायबरेली | 183 | 80 | 103 | 935 | 469 | 466 |

* इसके अलावा, 46 संविदा आधार पर और 664 स्टाफ आउटसोर्स आधार पर भर्ती किए गए।

# आउटसोर्स किए गए कर्मचारी और रेजिडेंट शामिल हैं।

**अनुलग्नक-II**

## नए एम्स में वरिष्ठ रेजिडेंटों और कनिष्ठ रेजिडेंटों का ब्यौरा

| क्र.सं. | एम्स | वरिष्ठ रेजिडेंट पद | | | कनिष्ठ रेजिडेंट पद | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | भरे गए | रिक्त | स्वीकृत | भरे गए | रिक्त |
| 1 | भोपाल | 377 | 127 | 250 | 351 | 257 | 94 |
| 2 | भुवनेश्वर | 377 | 215 | 162 | 351 | 258 | 93 |
| 3 | जोधपुर | 377 | 334 | 43 | 351 | 436* | -- |
| 4 | पटना | 377 | 216 | 161 | 351 | 317 | 34 |
| 5 | रायपुर | 377 | 172 | 205 | 351 | 309 | 42 |
| 6 | ऋषिकेश | 377 | 275 | 102 | 351 | 351 | - |
| 7 | मंगलगिरी | 50 | 42 | 8 | 50 | 36 | 14 |
| 8 | नागपुर | 50 | 60# | -- | 50 | 48 | 2 |
| 9 | कल्याणी | 50 | 29 | 21 | 50 | 50 | - |
| 10 | गोरखपुर | 50 | 27 | 23 | 50 | 45 | 5 |
| 11 | बठिंडा | 50 | 44 | 6 | 50 | 46 | 4 |
| 12 | बिलासपुर | 40 | 10 | 30 | 40 | 15 | 25 |
| 13 | गुवाहाटी | 40 | 7 | 33 | 40 | - | 40 |
| 14 | देवघर | 40 | 11 | 29 | 40 | 22 | 18 |
| 15 | बीबीनगर | 50 | 39 | 11 | 50 | 33 | 17 |
| 16 | मदुरै | 16 | - | 16 | 16 | - | 16 |
| 17 | राजकोट | 40 | 13 | 27 | 40 | 25 | 15 |
| 18 | विजयपुर | 40 | 1 | 39 | 40 | - | 40 |
| 19 | रायबरेली | 16 | 9 | 7 | 16 | 14 | 2 |

* ईडब्ल्यूएस आरक्षण के कारण पदों की संख्या बढ़ गई।

# 14 रिक्त वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ पदों में से 10 वरिष्ठ पद भरे गए।

**अनुलग्नक-III**

**<u>पीएमएसएसवाई के अंतर्गत नए एम्स में बिस्तरों की स्थिति</u>**

| क्र.सं. | एम्स | कार्यरत बिस्तरों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | भोपाल | 965 |
| 2. | भुवनेश्वर | 900 |
| 3. | जोधपुर | 960 |
| 4. | पटना | 960 |
| 5. | रायपुर | 960 |
| 6. | ऋषिकेश | 960 |
| 7. | रायबरेली | 400 |
| 8. | बठिंडा | 315 |
| 9. | गोरखपुर | 450 |
| 10. | मंगलगिरी | 125 |
| 11. | नागपुर | 791 |
| 12. | कल्याणी | 150 |
| 13. | बीबीनगर | 130 |
| 14. | देवघर | 250 |

****